## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **पांच राज्यों में नए राज्यपाल किए गए नियुक्त, रघुवर दास का ओड़िसा के राज्यपाल के पद से इस्तीफे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मिली मंजूरी।**
2. **झारखंड से जनजातीय परंपरा और संस्कृति के दस्तावेजीकरण की शुरूआत अगले वर्ष 26 जनवरी से होगी, ग्राम सभा करेगी सर्वे, केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव ने रांची में राष्ट्रीय पेसा दिवस समारोह में की घोषणा।**
3. **केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरूगन का पलामू के 3 दिवसीय दौरे का आज अंतिम दिन, सदर अस्पताल और मोहम्मदगंज में रेल परियोजनाओं का करेंगे निरीक्षण।**
4. **मौसम विभाग ने राज्य में 28 दिसंबर से कड़ाके की ठंड पड़ने का जारी किया अलर्ट, कई जिलों में बारिश के आसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में दिखेगा बदलाव। और,**
5. **झारखंड समेत देशभर में आज क्रिसमस की धूम, गिरजा घरों में हो रही विशेष प्रार्थना सभाएं, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने लोगों को दी बधाई।**

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पांच राज्यपालों की नियुक्ति की है। मिज़ोरम के राज्यपाल डॉक्टर हरि बाबू कंभमपति अब ओड़िशा के राज्यपाल होंगे। ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास के इस्तीफे के बाद श्री कंभमपति को वहां का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को मिज़ोरम का राज्यपाल बनाया गया है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वे आरिफ मोहम्मद खान का स्थान लेंगे जिन्हें अब बिहार का राज्यपाल बनाया गया है। पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

********************

जनजातीय समुदाय की प्रथाओं, परंपराओं और संस्कृति का सर्वे कर दस्तावेज तैयार जाएगा। अगले वर्ष छब्बीस जनवरी को झारखंड से इसकी शुरुआत होगी। कंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने राजधानी रांची में राष्ट्रीय पेसा दिवस दिवस समारोह में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले ग्राम सभा में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके तहत ग्रामसभाएं राज्य के गांव–गांव की परंपराओं और संस्कृति का सर्वे कर सूचीबद्द करेगी।

********************

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन पलामू के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन आज मोहम्मदगंज में रेल परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। पहले वे पलामू दूरदर्शन केंद्र, सीबीसी कार्यालय और सदर अस्पताल के एसएनसीबी सेंटर का भी भ्रमण करेंगे।

*******************

राज्य सरकार ने हजारीबाग में मल्टी डिसीप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, मेरू खोलने का निर्मय़ लिया है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में इसकी स्थापना पर एक अरब रुपए खर्च होंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली। मंत्रिपरिषद ने राज्य कर्मियों और पेंशन धारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोत्तरी समेत दस प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि सबकी सहभागिता से झारखंड को बेहतर और दूरदर्शी राज्य बनाएंगे। उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान में बैठे व्यक्ति तक सरकार पहुंच रही है।

*******************

देवघर के बाबा मंदिर तथा अन्य पर्यटक स्थलों में बड़ी संख्या में लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। ऐसे में सभी पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने बताता कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रुट लाइन बनाया गया है।

*******************

मौसम विभाग ने अठाइस दिसंबर से राज्यभर में कड़ाके की ठंड पड़ने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, कोडरमा समेत कई जिलों में बारिश की भी संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेगा। हालांकि, आज से तीन दिनों तक मौसम साफ रहेगा।

*******************

झारखंड समेत देशभर में आज हर्ष और उल्लास के साथ क्रिसमस का त्यौहार मनाया जा रहा है। प्रभु यीशु के आगमन को लेकर सभी गिरजाघरों में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में मसीही समुदाय के लोग शामिल हो रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार तथा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में हजारीबाग के एक दंपति की हुई हत्या मामले में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि दोस्तों ने ही पैसे की खातिर इस कांड को अंजाम दिया था।

*******************

लोहरदगा जिले में दो अलग अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। भंडरा थाना क्षेत्र एक कार के पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं हेसल के समीप ट्रक और स्कॉरपियो के बीच सीधी टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हुई।

*******************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

- रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद के निर्णयों की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- **प्रभात खबर** की सुर्खी है–ओड़िसा के राज्यपाल के पद से रघुवर का इस्तीफा, भाजपा में हो सकती है वापसी।
- **दैनिक भास्कर** ने लिखा है–झारखंड सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों की डीए में तीन प्रतिशत की बढ़ोत्तरी।
- **हिंदुस्तान** ने लिखा है–झारखंड में आदिवासी संस्कृति का होगा सर्वे।
- **दैनिक जागरण लिखता है**– पेसा को मान्यता देने की झारखंड में 26 जनवरी और छत्तीसगढ़ में 15 अगस्त से होगी शुरूआत।
- **अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने पांच राज्यों में नये राज्यपाल की नियुक्ति से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**<u>********समाप्त********</u>**